# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 14 सितंबर 2025





**खबर संक्षेप**

### भाजपा मंडल ने बैठक में तैयार की सेवा पखवाड़ा की रूपरेखा



**अर्जुन्दा।** नगर अर्जुन्दा के राधाकृष्ण मंगलम भवन में सेवा पखवाड़ा अभियान को सफल बनाने भाजपा मंडल अर्जुंदा ने कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में प्रभारी के रूप में उपस्थित जिला भाजपा उपाध्यक्ष टिनेश्वर बघेल, वरिष्ठ नेता नरेश यदु, जिला भाजपा उपाध्यक्ष पवन सोनवर्षा, पूर्व जनपद अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इन दिनों मे स्वच्छता चिकित्सा शिविर सहित अन्य कार्यक्रमों को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प है। ताकि आम जन मानस को भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं किसानों के आय दोगुनी करने के लिए चलाए जा रहे। नकल्याणकारी योजनाओं सहित अन्य लाभकारी योजनाओं की जानकारी हो सके। इस अवसर पर बुनकर प्रकोष्ठ के जिला संयोजक चंद्रहास देवांगन, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष दौलत देशमुख सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल चोरी अज्ञात पर मामला दर्ज

**बालोद।** सड़क के किनारे मोटर सायकल खड़े कर खेत देखने गए, दंपत्ति खेत देखकर वापस आए तब तक उनका मोटर सायकल गायब मिला, जिसके बाद पीड़ित द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। जिसमे पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्र 04 गुदुम निवासी गौतम ने पुलिस को बताया कि मोटर सायकल सीजी 24 एम 4099 जो मेरे नाम से है, जिसमें 09 सितंबर के सुबह करीबन 08 बजे अपने पत्नी रेमीन बाई के साथ खेत देखने के लिए निकला था, मोटर सायकल को मारगिया रप्टा गुदुम से पिच्चेटोला के बीच मेनरोड दाहिने तरफ मोटर सायकल को लॉक कर खडे करके हम दोनो खेत देखने चले गये, करीबन 08.30 बजे हम दोनो वापस घर जाने के लिए आये तो देखे कि मोटर सायकल सीजी 24 एम 4099 जहां खडे किये थे वहां नही था, आसपास पता तलाश किये, नही मिला, मेरे मोटर सायकल को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है, जिसका पता तलाश किया पता नहीं चलने पर आज 12 सितंबर को रिपोर्ट करवाने आया हूं।

### जनपद सदस्य ममता ने पैरी स्कूल का किया औचक निरीक्षण



बालोद/सिकोसा। जनपद सदस्य ममता मनोज सेन ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय पैरी में औचक निरीक्षण किया। जहां पर शिक्षिका अंजू सुचिता लगभग 3 महीने से अनुपस्थित पाई गई। जिसको संज्ञान में लेकर बीईओ को सूचना दिया गया और जल्द ही शिक्षक की व्यवस्था बनाने का निर्देश दिया साथ ही मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ में ग्राम के उपसरपंच ओमप्रकाश पटेल, पंच मनीष सेन, भुवन लाल सिन्हा और ग्रामीण उपस्थित थे।

### विश्वकर्मा पूजा पर विजीटर्स पास जारी नहीं होंगे

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा की दृष्टि से 17 सितम्बर को होने वाले विश्वकर्मा पूजा में संयंत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों तथा आंगतुकों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया है। संयंत्र प्रबंधन ने इस संबंध में परिपत्र जारी कर विश्वकर्मा पूजा 17 सितम्बर को किसी भी बाहरी तिथि/पंडित/ आगंतुक को संयंत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। आयोजकों को यह सलाह दी जाती है कि पंडित की व्यवस्था केवल बीएसपी के कार्मिकों में से ही की जाये। इस प्रकार बीएसपी प्रबंधन ने परिपत्र के माध्यम से यह स्पष्ट कर दिया है।

**समर्थन : मांगों के निराकरण का दिया भरोसा**

# चेंबर ने दिया राजहरा परिवहन संघ के आंदोलन को समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

राजहरा परिवहन संघ के अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन को शनिवार को बड़ा समर्थन मिला। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी धरना स्थल पहुंचे और संघ की मांगों के प्रति अपना समर्थन जताया। उनके साथ प्रदेश एवं जिला स्तर के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। धरना स्थल पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष थोरानी एवं उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल का पुष्पगुच्छ और मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान नरेंद्र सिंह तुली, अध्यक्ष राजहरा परिवहन संघ ने मांगों का ज्ञापन सौंपा, जबकि अनिल सुथार ने धरना स्थल पर संघ की समस्याओं और मांगों की विस्तार से जानकारी दी।

परिवहन संघ की मुख्य मांगें में खनिज परिवहन में बाहरी वाहनों पर रोक लगाई जाए, ताकि स्थानीय परिवहनकर्ताओं को प्राथमिकता मिल सके। परिवहन अनुबंधों में पारदर्शिता और स्थानीय हितों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। ई-टेंडर प्रक्रिया में छोटे स्थानीय वाहनों को भी शामिल करने की व्यवस्था हो। डीजल की बढ़ती कीमतों और बढ़ते परिचालन खर्च को देखते हुए किराया दरों का पुनर्निर्धारण किया जाए।

प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी ने आंदोलित सदस्यों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया है। उन्होंने वादा किया कि इन मांगों को लेकर वे स्वयं केंद्रीय इस्पात एवं खनन मंत्री से मुलाकात कर सकारात्मक निराकरण का प्रयास करेंगे।

धरना स्थल पर थोरानी के साथ अमित कुकरेजा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इकाई दल्लीराजहरा, कैलाश छाजेड़, अध्यक्ष अनाज-किराना व्यापारी संघ, स्वाधीन जैन, प्रदेश मंत्री छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा दुर्ग, बालोद, दल्लीराजहरा इकाई एवं राजहरा व्यापारी संघ और परिवहन संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



**आंदोलन को व्यापारी संघ कुसुमकसा ने दिया समर्थन**

**कुसुमकसा।** दल्लीराजहरा में गणेश विसर्जन के दरम्यान भाजपा पार्षद एवं व्यापारी नेता विशाल मोटवानी पर की गई पुलिस कार्रवाई के विरोध में व्यापारी संघ कुसुमकसा ने राजहरा व्यापारी संघ के अनिश्चितकालीन बंद के समर्थन में शनिवार को व्यापार बंद रखकर विरोध जताया। अनिल सुथार अध्यक्ष व्यापारी संघ, सेवक जेठवानी, संजय बैस, मोतीलाल कुचेरिया, नितिन जैन, मनीष जेठवानी, संतोष जैन, पंकज जेठवानी, आशीष कुचेरिया, गोपाल डडसेना, देवराज रायसोनी सहित व्यापारी संघ के सदस्य व्यापारी संघ दल्लीराजहरा के अनिश्चितकालीन धरना स्थल गुप्ता चौक पहुंचकर समर्थन दिए।

## संपत्ति बंटवारे को लेकर पति से झगड़ा, चार लोगों पर मारपीट व गाली-गलौज का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

एक साल से गायब पत्नी अचानक रात्रि को दुसरे व्यक्ति के साथ आकर पति के साथ मारपीट कर हिस्सा बटवारा की मांग करने लगी, जिसे मना करने पर पत्नी ने पति को पिटवा दिया। जिसके बाद पति द्वारा पत्नी व उसके साथ आए तीन अन्य लोगो के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज की रिपोर्ट दर्ज करवाया है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम मोहारा थाना सनौद निवासी चेलाराम साहू आ0 साधुराम साहू 43 वर्ष ने बताया 11 सितंबर को रात्रि करीबन 10 बजे मैं अपने घर में था, उसी समय मेरे घर के सामने कुछ लोगों के आने की आवाज सुनाई दिया एवं मेरे घर के सामने दरवाजा को खटखटाया, तब मैं गांव के कोई व्यक्ति होंगे सोचकर अपने घर के दरवाजा को खोला, देखा तो मेरी पत्नि निर्मला साहू जो मुझसे विगत एक वर्ष से साथ में नहीं रहती है, कहां रहती थी मुझे नहीं पता था, मुझे छोड़कर चली गई थी, उसके साथ महेन्द्र साहू एवं अन्य दो व्यक्ति घर के सामने आये थे।

■ पत्नी ने तीन साथियों के साथ मिलकर की पति से मारपीट

मेरी पत्नि निर्मला साहू मुझे देखकर गुस्से में आकर कहा मुझे तुम्हारे साथ नहीं रहना है, मुझे तलाक दे दो, एवं तलाक के पेपर में दस्तखत कर देना, नहीं तो मुझसे बुरा कोई नहीं होगा एवं घर के कागजात, जमीन जायदाद में हिस्सा बंटवारा भी चाहिए एवं उसके नाम पर 25 डिसमिल जमीन का पर्चा पट्टा को भी मांग रही थी एवं रूपये पैसे भी देना पड़ेगा कह रही थी, तब मैने उसे ऐसा नहीं होगा कहा एवं समझाने का प्रयास किया और कहा कि मैं तुमको घर से थोड़ी निकाला हूं, तुम अपनी मर्जी से ही बच्चों को छोड़कर घर से गई हो, मैं भी तुमको नहीं रखना चाहता, कहने पर वह मुझे बोली मैं तुम्हे देख लुंगी, तुम मेरा कहना नहीं मानोगे तो जान से मरवा दूंगी, की धमकी देने लगी, मैने गाली गलौज एवं वाद विवाद करने से मना किया तो महेन्द्र साहू ने मुझे हाथ मुक्के से मारना पीटना शुरू कर दिया व गला को पकड़ने लगा, जिससे मुझे गले के पास चोट आया है, बीच बचाव करने पर दाहिने हाथ कोहनी के पास, सिर के बाएं मस्तक के पास चोट खरोच लगा है। मेरी पत्नि निर्मला साहू अपने साथ एक प्लास्टिक के बॉटल में मिट्टी तेल लेकर आई थी, व मिट्टी तेल को मेरे उपर डालने का प्रयास करने लगी एवं मेरी लड़की श्रुति साहू के बाल को महेन्द्र साहू ने पकड लिया था। इस प्रकार मेरी पत्नि निर्मला साहू व महेन्द्र साहू के द्वारा मेरे साथ घर सामने आकर मेरे साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। मेरे द्वारा गांव वालों को बुलाने पर निर्मला साहू एवं महेन्द्र साहू तथा उनके साथ आये दो अन्य लोग चले गये।

**जल विभाग प्रभारी लीना देवांगन ने मौके पर पहुंचकर दिए सुधार के निर्देश**

# बघेरा रेलवे क्रॉसिंग के पास लीकेज दुर्ग निगम ने शुरू किया मेंटनेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शहर में पेयजल सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए लीकेज का मेंटेनेंस शुरू कर दिया है। इसे लेकर अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को बघेरा रेलवे क्रॉसिंग के पास सामने आए 400 एमएम पाइपलाइन के लीकेज का संधारण शुरू किया गया।

बता दें कि यह पाइप बघेरा पानी टंकी से जुड़ा हुआ है, जिससे शहर के 7 प्रमुख वार्डों में पेयजल की सप्लाई होती है। लीकेज की वजह से कई वार्डों तक पानी नहीं पा रहा था। इसके देखते हुए यह मेंटेनेंस शुरू कराया गया। नगर निगम के जलगृह विभाग द्वारा रिपेयर कार्य कराया जा रहा है। इसके अलावा बघेरा टंकी से जुड़ी पाइप लाइन में कुछ और जगहों पर भी लीकेज को सुधारा जा रहा है। इसके मरम्मत के लिए चरणबद्ध रूप से कार्य किया जा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पूरे शहर में 20 से ज्यादा जगहों पर सामने आए बड़े लीकेज का मेंटेनेंस किया जा रहा है। बघेरा टंकी का मुख्य वाल्व भी लीकेज है, जिसका भी संधारण कार्य किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक बघेरा टंकी शहर की सबसे बड़ी पानी टंकी है, जिसमें लगभग 7 से अधिक वार्डो में पानी सप्लाई होती है। पिछले कुछ दिनों से गया नगर, राजीव नगर, मठपारा रामनगर क्षेत्र में प्रेशर से पानी नहीं पहुंच रहा था। इसके बाद मेंटेनेंस का निर्णय लिया गया। जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने स्थल का निरीक्षण किया। रिपेयर कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने चल रहे कार्यों का अवलोकन किया। अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर वार्ड पार्षद ललित ढीमर, उप अभियंता विनोद मांझी अन्य मौजूद थे।



**शहर के अन्य हिस्सों में भी लीकेज, कराया जा रहा मेंटेनेंस**

जानकारी के मुताबिक बोरसी, पोटिया सहित बघेरा की सप्लाई लाइन की टंकियों में अनेक जगह लीकेज की शिकायत आई थी, जिसके कारण सुचारू रूप से पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। इसको ध्यान में रखते हुए महापौर अल्का बाघमार के निर्देश पर मरम्मत अभियान चलाया जा रहा है। इसमें वार्ड 51 प्रदिप्ती नगर, बोरसी वार्ड 52, बोरसी बस्ती, वार्ड 53 न्यू आदर्श नगर, पोटिया सहित अनेक क्षेत्र में विगत दिनों लीकेज को सुधारा गया। अब बघेरा टंकी के फूटे सप्लाई लाइन को भी दुरुस्त किया जा रहा है।

### सोसाइटियों में पहुंचा यूरिया, किसानों को वितरण शुरू

**दुर्ग ।** कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद जिले की 26 सोसाइटियों में यूरिया पहुंचने का दौर शुरू हो गया। बता दें कि इन सोसाइटियों में यूरिया नहीं था, जिसकी वजह से किसान खासे परेशान थे। उन्हें उत्पादन प्रभावित होने का डर सता रहा था। इस बीच दो दिन पहले कांग्रेस ने अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। इसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आया। सोसाइटियों में यूरिया की सप्लाई शुरू की गई। राकेश बरहापुर पहुंचे, जहां उन्होंने यूरिया से जुड़ी जानकारी ली। बता दें कि पूरे छत्तीसगढ़ में यूरिया खाद की कमी और 266 रुपए की यूरिया की कालाबाजारी होने पर कांग्रेसी और किसानों ने प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री के खिलाफ बुधवार को कलेक्टरेट में जमकर नारेबाजी की थी। गाड़ा-बैला लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। इसके बाद प्रशासन ने लिखित में दो दिन के भीतर खाद पहुंचाने का आश्वासन दिया। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता नियमित नजर बनाए हुए हैं, किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल निर्णय लिया जाएगा।

## सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली के हिच-पाट्‌र्स चोरी मामला दर्ज

**बालोद।** घर के सामने गली में खड़े दो ट्रेक्टर ट्राली के टोचन कर खिंचने वाला लोहे का दो नग हिच पाट्र्स को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया, जिसके बाद अज्ञात चोर के खिलाफ पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिस पर पुलिस ने धारा 303(2) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम बोहारा थाना सनौद निवासी कमलेश साहू पिता सुखराम साहू 46 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मेरे ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 24 यू 2950 मे ट्रेक्टर ट्राली टोचन कर खिंचने के लिये लोहे हिच ट्रेक्टर में ही लगा हुआ था। ट्रेक्टर को अपने घर के सामने गली में खड़ा किया था। 11 सितंबर के रात्रि ग्राम बोहारा में साहू समाज का मीटिंग था, जिसमें मैं शामिल होने गया था, मीटिंग से रात्रि लगभग 11.30 बजे वापस घर आया, तो ट्रेक्टर सही सलामत खड़ा था, 12 सितंबर के सुबह 07 बजे मैं उठकर देखा तो मेरे ट्रेक्टर इंजन के पीछे तरफ लगा हुआ ट्रेक्टर ट्राली टोचन कर खिंचने वाला लोहे का हिच पाट्र्स कीमती 6000 रू0 नहीं था, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, आसपास पता तलाश किया तो मेरा पड़ोसी चमन लाल मटियारा ने अपने घर के सामने गली में खड़ा किये अपने भतीजा रोहित कुमार के ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 07 एटी 0126 को चेक किया तो उसके ट्रेक्टर ट्राली टोचन कर खिंचने वाला लोहे का हिच पाट्र्स भी नहीं था, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, जिसका आसपास पता तलाश किये, कोई पता नहीं चला। इस प्रकार दिनांक 11 सितंबर के रात्रि लगभग 11.30 बजे से दिनांक 12 सितंबर के सुबह 07 बजे के मध्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरा तथा चमन लाल मटियारा का ट्रेक्टर ट्राली टोचन कर खिंचने वाला लोहे का हिच पाट्र्स दो नग कुल कीमती 12,000 रू. को चोरी कर ले गया है।

# बालक स्कूल में हुआ रजत जयंती महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में भी विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के प्रभारी एल के ठाकुर के निर्देशन में विद्यालय में विभिन्न गतिविधि का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के साथ प्रदेश की उपलब्धि जैसे कृषि क्षेत्र का विकसित होना, उद्योगों की स्थापना, स्कूली शिक्षा एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी, राजनैतिक एवं प्रशासनिक कार्यकुशलता के बारे में बताया गया। इसी तारतम्य में व्याख्याता डी आर साहू एवं श्रीमती पुष्पा कटेंद्र के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य की धरोहर तथा स्थानीय क्षेत्र डौंडीलोहारा के अंतर्गत आने वाले ऐतिहासिक स्थल से संबंधित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। व्यायाम शिक्षक सौरभ शर्मा एवं हेमंत साहू के मार्गदर्शन में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के साथ विभिन्न खेल का आयोजन किया गया। व्याख्याता अविनाश कुमार साहू एवं भूपेंद्र कुमार पटेल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना भौगोलिक संपदा तथा नई शिक्षा नीति के संबंध में प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। रजत जयंती के अवसर पर पुस्तक वाचन दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा हिंदी एवं अंग्रेजी के विषय के अंतर्गत पाठ, गद्य एवं कहानी का वाचन किया गया। पुस्तक वाचन के संबंध में विषय विशेषज्ञों के द्वारा पढ़ने की गति एवं लय के बारे में बताया गया। प्रतियोगिता में विजयी एवं सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। रजत जयंती के अवसर पर पी के मेश्राम, आर एस देशमुख, वीरेंद्र कुमार भंडारी, एस वैदे, सी नंदा, डुप्ले साहू, आर एन योगी, टी साहू, लवण साहू, हेमपुष्पा नाइक, एनुका शार्वा, राकेश कुमार कोठारी, वीरेंद्र नायक, सूर्योदय मानिकपुरी, कपिल पटेल, तिलेश्वरी, ईश्वरी, निधि, मोहित मौजूद रहे।

■ प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत कर बढ़ाया उत्साह

■ छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों एवं धरोहर से कराया अवगत



## 6-कॉलेज में रेड रिबन क्लब का प्रथम वार्षिकी उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ

**डौंडीलोहारा।** शासकीय महाविद्यालय खेरथा में प्राचार्य डॉ. यासर कुरैशी के निर्देश पर रेड रिबन क्लब का प्रथम वार्षिकी उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी रुमलाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रेड रिबन क्लब प्रभारी प्रदीप कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को रेड रिबन क्लब की मूल भावना, उद्देश्य एवं इसके अंतर्गत संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने छात्रों को ए च आ ई वी / ए ड् स जागरूकता, रक्तदान, नशा उन्मूलन तथा समाज में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रेरित किया। एनएनएस प्रभारी रुम लाल ने उद्बोधन में युवाओं को रेड रिबन क्लब के माध्यम से समाजसेवा एवं जनजागरूकता कार्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि अपने व्यक्तिगत जीवन में स्वस्थ आदतों को अपनाएं और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भी अपनी जिज्ञासाएं व्यक्त की, जिसका समाधान प्रभारी शिक्षक द्वारा किया गया। अंत में रेडरिबन प्रभारी प्रदीप कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक किया जाना आवश्यक है।




**रेलवे द्वारा गुरुवार को तोड़ी गई थी दुकानें और मकान, आरोप दस मकानों को बिना नोटिस गिराया**

# विस्थापन की मांग को लेकर स्टेशन चौक के व्यापारी व रहवासी पहुंचे पालिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

कुम्हारी स्टेशन चौक में रेलवे द्वारा अवैध मकान और दुकानों पर चलाए गए बुलडोजर के विरोध में प्रभावित लोगों ने दूसरे दिन शुक्रवार को नगरपालिका पहुंचकर विरोध जताते हुए घेराव कर दिया।

नारेबाजी कर रहे प्रभावितों की शिकायत थी कि जिन 32 कब्जधरियों को रेलवे ने बेदखली का नोटिस जारी किया था उसके अलावा भी अन्य 10 मकानों को बिना किसी सूचना और जानकारी के तोड़ दिया गया, जिससे ये 10 परिवार पूरी तरह बेघर हो गए हैं। बारिश के इस मौसम इन परिवारों के पास सिर छुपाने की कोई जगह भी नही है, आखिर ये परिवार कहाँ जाएंगे ? पीड़ित परिवार के लोगों ने सांसद विजय बघेल और विधायक भूपेश बघेल से भी मुलाकात कर अलनी पीड़ा व्यक्त की।

इन परिवारों ने पालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा एवं मुख्यंगरपालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त कर शीघ्र ही इन परिवारों के विस्थापन की गुहार लगाई है। फिलहाल इनमें से कुछ परिवारों को सामुदायिक भवन में रहने की इजाजत दी गई है साथ ही पालिका प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि विचार विमर्श पश्चात शीघ्र ही इसका कोई हल निकाल लिया जाएगा।




**पीड़ितों के साथ हमारी संवेदना : मीना वर्मा**

“ जानकारी मिली कि रेलवे प्रशासन द्वारा सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए दुकानों को तोड़ा गया है लेकिन इसके साथ ही बिना किसी सूचना के लोगों के मकानों को तोड़ दिया गया है। हमारी संवेदना उन पीड़ित परिवारों के साथ है। शीघ्र ही सांसद, एस डी एम एवं तहसीलदार के साथ चर्चा कर कोई ठोस कदम उठाया जाएगा।

**मीना वर्मा**, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद कुम्हारी

**शहर के नजदीक चिन्हित की जा रही शासकीय भूमि : चंद्राकर**

“ बेघर परिवारों के व्यवस्थापन हेतु पालिका द्वारा कोई खाली एवं शहर के नजदीक शासकीय भूमि को चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही सब्जी विक्रेता सब्जी बाजार में जो शेड रिक्त है वहां सब्जी विक्रय कर सकते हैं।

**नेतराम चन्द्राकर**, मुख्य नगरपालिका अधिकारी कुम्हारी

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 14 सितंबर 2025



02 चेंबर ने दिया राजहरा परिवहन संघ के आंदोलन को समर्थन




04 खेल मैदान निर्माण के लिए जारी निविदाएं हो सकती है रद्द










## सड़क हादसे में महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्कार्पियो में लौटते वक्त सड़क में अचानक गाय आ जाने से सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई, जिसमे वृद्व महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अरौद निवासी बुजुर्ग महिला माना बाई ताराम 74 वर्ष अपने छोटे बेटे राजेश ताराम 42 वर्ष, बहू उतरा ताराम 40 वर्ष और नतनिन निहारिका ताराम 19 वर्ष के साथ अपने बड़े बेटे से मिलने व पेंशन के पैसे निकलने के लिए स्कॉर्पियो से दल्लीराजहरा गई थी। दिन में वहां अपने बड़े बेटे के घर रुकने के बाद रात में वापस अपने गांव लौटते समय सड़क मे बैठे मवेशी से वाहन जा टकराया। जिसमे टक्कर इतनी तेज थी की वाहन विपरीत दिशा मे मुड़ गया तथा पीछे सीट पर बैठी वृद्व महिला का गर्दन टूटने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई तथा गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके बाद आस पास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंच वाहन मे फंसे अन्य लोगो को बाहर निकाले तथा पुलिस को इसकी जानकारी दी गई जहां घायलो को अस्पताल पहुंचाया गया।

### जिले के 11 खण्डपीठों में हुई सुनवाई, 4 करोड़ की राशि का अवार्ड पारित

# लोक अदालत में 43946 प्रकरणों का निराकरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इनमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गए हैं, जिसमें 43946 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। इस लोक अदालत में कुल 4,52,72,124 रुपये राशि का अवार्ड पारित किया गया है। प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किए जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी आफेंस के प्रकरणों को निराकृत किया गया। इस सिलसिले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने इस संपूर्ण लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु निरंतर प्रयास करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भी लगातार अधिक से अधिक मामलों को निराकृत किए जाने प्रेरित किया।

इसी तारतम्य में जिला व सत्र न्यायालय बालोद एवं व्यवहार न्यायालय स्तर पर डौण्डीलोहारा, दल्लीराजहरा, गुण्डरदेही में तथा बालोद जिले के राजस्व न्यायालयो में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न बालोद के निर्देशानुसार इस लोक अदालत के लिए न्यायालयों में कुल 11 खण्डपीठ का गठन किया गया, जिसमें कुल लंबित प्रकरण 2670 रखे गये थे। जिसमें कुल 2582 लंबित प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। इस लोक अदालत में, लंबित सिविल एवं दांडिक प्रकरण, प्री–लिटिगेशन के बैंक, विद्युत, जलकर, बीएसएनएल के तथा राजस्व न्यायालयों की खंडपीठ के समक्ष कुल 46996 प्रकरण रखा गया। जिसमें 43946 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। इस लोक अदालत में कुल 4,52,72,124 रूपये राशि का अवार्ड पारित किया गया है।

### कराया गया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

इस नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति व सुलह समझौता करने वालों पक्षकारों को प्रोत्साहन स्वरूप पौधा वितरण किया गया। नेशनल लोक अदालत मे जिला न्यायालय परिसर में आये पक्षकारों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया और साथ ही बालोद बाजार के द्वारा अपने सामग्री के प्रचार–प्रसार हेतु स्टॉल लगाया गया तथा इंटर्नशीप विधि छात्रें को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया है।



## डीईओ मरकले हुए पदमुक्त योगदास को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- दो जिला शिक्षा अधिकारी होने से विभाग के कार्यों में दिक्कतें
- लगातार अवकाश पर रहने से मरकले को किया गया पदमुक्त

जिले में दो जिला शिक्षा अधिकारी होने के कारण शिक्षा विभाग के कार्यों में आ रही दिक्कतों को देखते हुए लगातार स्वास्थ कारणों से अनुपस्थित चल रहे पीसी मरकले को पद्मुक्त कर दिया गया तथा योगदास साहू को जिला शिक्षा अधिकारी का पद सौंपा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दुर्ग संभाग के संयुक्त संचालक शिक्षा ने नया आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया कि बालोद जिले की जिम्मेदारी फिलहाल प्रभारी प्राचार्य डाइट खैरागढ़ योगदास साहू के पास ही रहेगी।

कार्यालयीन आदेश में कहा गया है कि डीईओ मरकले 9 सितंबर को ड्यूटी पर लौट आए थे, लेकिन पिछले लम्बे समय से उनकी लगातार अनुपस्थिति के चलते विभागीय कार्यों पर असर पड़ा है। मुख्यमंत्री की बैठक सहित कई महत्वपूर्ण अवसरों पर उनकी गैरमौजूदगी के कारण जिला स्तर के निर्णय प्रभावित हुए।

इस आधार पर कलेक्टर बालोद की अनुशंसा पर आदेश में उल्लेख किया गया है कि जिले में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों की संविदा भर्ती प्रक्रिया–विज्ञापन से लेकर स्क्रूटनी और दावा–आपत्ति तक योगदास साहू के निर्देशन में सुचारू रूप से चल रहा है। यही कारण है कि शासन ने उन्हें ही डीईओ बालोद का प्रभार यथावत रखने का निर्णय लिया। आदेश में यह भी कहा गया है कि शिक्षा विभाग जिले में परीक्षा परिणाम सुधारने और अन्य विभागीय प्राथमिकताओं पर निरंतरता चाहता है। ऐसे में बार–बार की अनुपस्थिति से बचने के लिए योगदास साहू को ही जिम्मेदारी सौंपी गई है।




# मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे, मंदिरों में रंग-रोगन का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सप्ताह बाद क्वांर नवरात्रि की शुरूवात हो जाएगी, इसके लिए जिले के मंदिरों के साथ माता रानी की मूर्ति विराजित करने की तैयारी समितियों द्वारा की जा रही है, जहां मूर्तिकार माता रानी की मूर्ति को अंतिम रूप देने में लगे हैं। जिले में माता रानी के स्वागत की तैयारियों में समितियों के साथ जिले में स्थित मंदिर समितियों द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है,जहां समितियों द्वारा नवरात्रि के नौ दिनों के अवसर पर किए जाने वाले तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मंदिर समितियां मंदिरों का रंग रोगन व साफ सफाई भी प्रारंभ करवा चुके हैं। वहीं चौक चौराहों में माता रानी की मूर्ति स्थापित करने वाले समितियों द्वारा बैठक का आयोजन कर तैयारीयां की जा रही है। ग्राम नेवारीकला के मूर्तिकार दानीराम सोनकर ने बताया समितियों के कहे अनुसार एक माह पूर्व गणेशजी की मूर्तियों के साथ माता रानी की मूर्ति बनाना प्रारंभ कर देते हैं, जिसके तहत अब माता रानी की मूर्तियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं और बहुत जल्द मूर्तियों का रंग रोगन प्रारंभ कर देंगे। जहां रंग रोगन के बाद माता रानी को पूरे संवागा संहित सजाने का काम मूर्तिकार करेंगे। क्वांर नवरात्रि पर माता रानी की मूर्ति स्थापना के साथ जोत ज्वारा का भी विशेष महत्व रहता है, जिसके तहत भक्तों द्वारा मंदिरों में ज्योत प्रज्वलित की जाती है। मंदिर समितियों के पदाधिकारियों के पास ज्योत का पैसा जमा करने लगे हैं।

## मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना की तैयारी में जुटी समितियां



### होंगे विभिन्न आयोजन

समितियों द्वारा ज्योत जंवारा की संख्या के अनुसार उसके कलश व अन्य सामग्रियों की तैयारियां की जा रही है। क्वांर नवरात्रि के नौ दिनों पर समितियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसके लिए समितियां इन नौ दिनों के हिसाब से कौन से कार्यक्रम कब करना है और कौन से कार्यक्रम करवाने हैं इसकी भी तैयारियों में लगी है, जिसके तहत कार्यक्रम मंडलियों से संपर्क कर समितियां कार्यक्रम के लिए बुक कर रही है।



## खबर संक्षेप



### एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौण्डीलोहारा में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी पुरूषोत्तम भुआर्य सहप्रभारी कुलेश्वर पटेल द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस कार्यक्रम में एड्स के कारण, लक्षण तथा बचाव और उपायों के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयं सेवक उपस्थित थे।

### सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत छात्राओं को किया साइकिल वितरण



**बालोद/सिकोसा।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोंगरी में सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत छात्रओं को सायकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश सिन्हा, महामंत्री आशीष साहू, शाला प्रबंधन अध्यक्ष संत राम साहू, जिला कोसाध्यक्ष ढालेन्द्र सार्वा, सरपंच रोशन सोनवानी, तोम सिन्हा, प्राचार्य संगीता भुवाल उपस्थित थे। सभी ने छात्रओं को साईकिल वितरण कर शुभकामनायें दी। इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षकए उपस्थित थे।

### प्रजापति वरदानी भवन में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन आज

**गुण्डरदेही।** ब्रम्हकुमारीज गुण्डरदेही द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर आज शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन नगर के प्रजापति वरदानी भवन शासकीय अस्पताल के पास गुण्डरदेही मे रखा गया है। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से गुण्डरदेही बीईओ नवीन यादव, बिंदु दीदी गरियाबंद, नगर पंचायत अध्यक्ष गुण्डरदेही प्रमोद जैन, कुंती दीदी, सहायक शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर, राजेंद्र देशमुख व अन्य आतिथि मौजूद रहेगे।

### कॉलेज में नवप्रवेशी छात्रों का हुआ स्वागत

बालोद/सिकोसा। शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलोदी में नव–



प्रवेशित छात्र, छात्राओं का स्वागत समारोह रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य सीएल ठाकुर थे। अध्यक्षता महाविद्यालय के वर्तमान प्राचार्य डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार ने की। प्राचार्य ने वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम को सहायक प्राध्यापक राहुल उपाध्याय एवं ओमप्रकाश साहू ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बीएससी तृतीय वर्ष की छात्र कावेरी साहू ने की।

## तैयारी : कार्यशाला में विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की बनी रूपरेखा

# जिला भाजपा का सेवा पखवाड़ा 17 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला भाजपा मंडल द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं योजना निर्माण के लिए मंडल कार्यशाला का आयोजन कला केंद्र में किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री प्रमोद जैन उपस्थित रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण की दिशा में चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विश्वगुरु बनाना प्रधानमंत्री का संकल्प है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस मिशन का हिस्सा है। प्रमोद जैन ने छत्तीसगढ़ राज्य की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को याद करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी छत्तीसगढ़ राज्य के गठन का श्रेय देते हुए कहा कि यह राज्य खून–खराबा नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक सोच और जनआंदोलन से बना है। आने वाला वर्ष छत्तीसगढ़ की सिल्वर जुबली का वर्ष होगा।

कार्यशाला में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिनमें 17 सितंबर को रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान (हर बूथ पर), स्वास्थ्य शिविर, पीएम मोदी का लाइव संबोधन सामुदायिक केंद्रों पर चलाया जाएगा। 18 सितंबर को पीएम मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी दिखाई जाएगी। 19–21 सितंबर को रक्तदान शिविर, प्रबुद्धजन संवाद, डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, पुस्तक प्रदर्शन किया जाएगा। 21 सितंबर को नमो मैराथन युवा मोर्चा द्वारा आत्मनिर्भर भारत थीम के तहत किया जाएगा। 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती, पुष्पांजलि, पौंधारोपण, संगोष्ठी, लोकल फॉर वोकल प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 27 व 28 सितंबर को प्रदेश के विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, दिव्यांग उपकरण वितरण, मोदीजी को शुभकामना संदेश दिया जाएगा। 2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी को श्रद्धांजलि, खादी वस्त्र प्रोत्साहन, चित्रकला प्रतियोगिता, नमो वन, नमो पार्क गतिविधियाँ संचालित की जाएगी। मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा ने सभी बूथ अध्यक्षों, मोर्चा के कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस सेवा पखवाड़ा को बूथ स्तर तक सफलतापूर्वक आयोजित करें। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक आयोजित होने वाले सेवा कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु आयोजित की गई है।





### ये रहे उपस्थित

इस कार्यशाला का संचालन एवं कार्यक्रम के विषय को लेकर जानकारी महामंत्री संतोष कौशिक ने दी। आभार महामंत्री नरेंद्र सोनवानी ने किया। कार्यशाला में बालोद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, लोकेश श्रीवास्तव, सुरेश निर्मलकर, निशा योगी, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष अकबर तिगाला, अजय बाफना, राकेश बंटी बाफना, समीर खान, कमल बजाज, कमलेश गौतम, दीपक लोढ़ा, गोकुल ठाकुर, प्रीतम यादव, मनोज चांडक, कार्यक्रम के सह संयोजक रौनक कत्याल, राहुल साहू, पार्षद सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता, महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जिले में 31 अक्टूबर तक चलेगा अंगीकार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिपं सीईओ ने नगरीय निकायों में अंगीकार अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत नगरीय निकायों में अंगीकार अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को अंगीकार अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लिए जागरूकता बढ़ाने जरूरी उपाय सुनिश्चित करने कहा। इसके अलावा उन्होंने हितग्राहियों को प्रेरित कर अंगीकार अभियान के अंतर्गत पूर्व में स्वीकृत आवासों को पूरा कराने के निर्देश भी दिए। चंद्रवंशी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को पूर्व में पूर्ण आवासों में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ पहुंचाने तथा नवीन पूर्ण आवासों में संबंधित हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाने के विभिन्न निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सरकारी योजनाओ के लाभार्थियों से संवाद स्थापित करने तथा सितंबर एवं अक्टूबर माह को आवास माह के रूप में मनाने के भी निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 4 सितंबर से 31 अक्टूबर तक अंगीकार 2025 अभियान के शुभारंभ करने आदेशित किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद मोबीन अली ने बताया कि अंगीकार योजना का लाभ प्रत्येक वर्गों तक पहुंचाने जिले के सभी नगरीय निकायों द्वारा आवास मेला का आयोजन किया जाएगा। इस आवास मेला में आवास प्राप्त करने के इच्छुक हितग्राहियों को त्वरित लाभ पहुंचाने हेतु कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके संबंध मे सभी नगरीय निकायों में शीघ्र प्रचार प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा सभी नगरीय निकायों में हेल्प डेस्क स्थापित कर योजना का समुचित क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए निकाय स्तर पर नोडल नियुक्त कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

# एकलव्य महाविद्यालय में मनाया हिन्दी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडींलोहारा में शनिवार दिनांक 13 सितंबर को हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। हिंदी दिवस 14 सितम्बर को मनाया जाता है। लेकिन उक्त तिथि को अवकाश होने के कारण शनिवार को हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉ. रोशन आरा, सभी प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। हिंदी दिवस एवं हिन्दी के महत्व को बताने के लिए प्राचार्य डॉ. रोशन आरा, हलेश लिल्हारे, टेकराम नेताम, सूर्य रत्नपाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किये। कुछ छात्र-छात्राओं ने भी हिन्दी के महत्व के बारे में गीत एवं भाषण दिये। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार साहू ने किया।

# संकुल केंद्र बगईकोन्हा में हुआ शिक्षक सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तत्वावधान में विकासखंड के संकुल केंद्र बगईकोन्हा में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सेवंत कुमार नेताम सरपंच ग्राम पंचायत बगईकोन्हा, अध्यक्ष राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालु राम पिकेश्वर, विशेष अतिथि टेमनलाल राणा प्रधान पाठक माध्यमिक शाला बगईकोन्हा, आयोजनकर्ता संकुल प्राचार्य घरेन्द्र एवं संकुल समन्वयक रूप रामगोटे थे।कार्यक्रम में संकुल के समस्त शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि ने शिक्षकों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे जवाहर नवोदय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय, प्रयास आवासीय विद्यालय, राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति परीक्षा आदि के लिए छात्रों को तैयारी करवाने की गुजारिश की। पिकेश्वर ने कहा की शिक्षक का सम्मान संपूर्ण समाज का दायित्व होता है, क्योंकि शिक्षक अपने कार्यों से समाज को संदेश देता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक वासुदेव पटेल ने किया तथा आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक रूप राम गोटे ने किया। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत बगईकोन्हा सेवंत कुमार नेताम, संकुल समन्वयक बगईकोन्हा रूपराम गोटे, प्रधान पाठक मडियाकट्टा दयालु राम पिकेश्वर, प्रधान पाठक बगईकोन्हा टेमनलाल राणा, शिक्षकगण वासुदेव पटेल, सुनील कुमार अलेन्द्र, निशा साहू, गुमान सिंह महलेश्वर, गांधी राम बघेल, भूमिका मुवाड़े, केशर साहू, मनीष देशमुख, नारद राम भुआर्य, कुंवर सिंह चनाप सहित संकुल के अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



# सरस्वती साइकिल योजना के तहत बालिकाओं को वितरित की गई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

शासकीय हाईस्कूल सरेखा में निःशुल्क सरस्वती सायकिल योजना के तहत बालिकाओं को सायकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच सरोज बाला बंजारे, हाईस्कूल अध्यक्ष खोमेश्वर बेलचंदन, खिलावन साहू, महेंद्र साहू एवं शिक्षिका प्राचार्य दीपा साहू, कुमारी साहू, हेमलता नैथानी एवं पालकगण उपस्थित थे।



## हल्दी में छात्रओं को सायकिल का वितरण किया गया

**बालोद/सिकोसा।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हल्दी में शुक्रवार को सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत छात्रओं को सायकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अतिथि शाला विकाश समिति हरदेव सार्वा, भाजपा मंडल महामंत्री आशीष साहू, मण्डल मंत्री कमलेश डड़सेना, सेवानिवृत्तशिक्षक बाबूलाल डड़सेना, उपसरपंच कन्हैया साहू, जिला कोसाध्यक्ष ढालेन्द्र सार्वा, टामस साहू, प्राचार्य सर्जना त्रिपाठी उपस्थित थे। सभी ने छात्रओं को सायकिल वितरण कर शुभकामनायें दी, इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षकाएं उपस्थित थे।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## खेल विभाग के संयुक्त संचालक के निरीक्षण के बाद बढ़ी संभावना

# खेल मैदान निर्माण के लिए जारी निविदाएं हो सकती है रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नगर में खेल मैदान के निर्माण कार्यों में अनियमितता पाए जाने पर 2022 में जारी निविदाएं रद्द होने की संभावना है। नगरीय निकाय विभाग के जॉइंट डायरेक्टर जय प्रकाश साहू ने डौंडीलोहारा के स्व. लाल रघुवीर सिंह मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया, जिसके बाद यह संकेत मिले हैं।

यह कार्रवाई भाजपा मंडल मंत्री धर्मेंद्र निषाद की शिकायत के बाद शुरू हुई। उन्होंने लगातार खेल मैदान में हो रहे निर्माण कार्यों में अनियमितता का मुद्दा उठाया था। उनकी शिकायत पर नगरीय निकाय संचनालय रायपुर के संचालक एक्का ने जॉइंट डायरेक्टर जय प्रकाश साहू को जांच के लिए भेजा था। जांच के दौरान, जॉइंट डायरेक्टर साहू ने सीएमओ राजेश बंजारे और उपअभियंता जोशी से इन निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी ली, जिसमें दो हाई मास्ट लाइट, कीमत 8 लाख रुपये। बाउंड्री वॉल की ऊंचाई बढ़ाने का काम, कीमत 8 लाख रुपये। गेट बनाने का काम, कीमत 5.30 लाख रुपये। घास लगाने का काम, कीमत 6.50 लाख रुपये। शेड बनाने का काम, कीमत 4.00 लाख रुपये। बोर खनन और पाइप फिटिंग का काम, कीमत 3.50 लाख रुपये। सार्वजनिक शौचालय का निर्माण, कीमत 9.80 लाख रुपये शामिल हैं। इसके अलावा साहू ने खेल मैदान में नियम विरुद्ध लगाए गए 21 साधारण ट्यूबुलर पोल के बारे में भी पूछा। उन्होंने सीएमओ को इन पोलों को हटवाने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति को नोटिस जारी करने का निर्देश दिए।

जॉइंट डायरेक्टर जय प्रकाश साहू ने बताया कि शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस मामले की पूरी रिपोर्ट तैयार कर संचालनालय भेजी जाएगी, जिसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की

स्वामी जी-93406-38884
तिरुपति बालाजी दर्शन हेतु दिसंबर यात्रा के लिए VIP टिकट की बुकिंग 20 सितंबर से पहले अवश्य करवा लें। समय पर बुकिंग करने से आपको बिना किसी परेशानी के दिव्य दर्शन का लाभ मिलेगा।
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
26 अक्टूबर 2025
08 नवंबर 2025
07 दिसंबर 2025
21 दिसंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
तिरुपति बालाजी की VIP टिकट यात्रियों को स्वयं करनी होती है। कृपया यात्रा की तिथि से 3 माह पूर्व अवश्य करवा ले। सितम्बर माह में टिकटें जल्द ही खुलने की संभावना है।
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411